## खबर संक्षेप



### रोड में पानी व कीचड़ से आवागमन कठिन

**बरही।** ग्राम पंचायत करेला के वार्ड क्रमांक 4 की रोड में चलना मुश्किल है रोड कीचड़ से सनी हुई है पानी भरा रहता है। स्कूली बच्चों को निकलने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कपड़े खराब होते हैं। पंचायत के जिम्मेदार व उपयंत्री यह रोड को कई बार बनवाने के लिए नाप चुके हैं पर स्थित ज्यों की त्यों है आज तक काम चालू नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है रोड 1 वर्ष से खराब पड़ी है। 181 में भी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। क कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर रहे हैं की रोड बनवाई जायें।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन शुरू

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 1 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 18 जुलाई है। इस क्विज का आयोजन सभी शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्परा, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूष एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक स्कूल की टीम में तीन विद्यार्थी शामिल होंगे। 1 अगस्त को लिखित परीक्षा होगी। इसमें चयनित 6 टीमें मल्टीमीडिया क्विज खेलेगी जो कि कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर क्विज मास्टर द्वारा कराई जायेगी। वहीं पर्यटन प्रभारी कमलेश सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह एवं क्विज मास्टर डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि मल्टीमीडिया क्विज में भाग लेने वाली सभी 6 टीमों को पर्यटन विभाग की ओर से मप्र के पर्यटक स्थल में घूमने का मौका मिलेगा।

### आज अल्प प्रवास पर रहेंगे उप मुख्यमंत्री

**कटनी।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शुक्रवार 4 जुलाई को कटनी के अल्प प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 4 जुलाई को कार द्वारा शहडोल से शाम 4 बजे प्रस्थान कर शाम 6.30 बजे कटनी आयेंगे। इसके बाद रात्रि 10.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बारिश के दिनों में झूलती करंट प्रवाहित तारों से बना रहता है हादसे का डर

# कॉलोनियों से लेकर ग्रामीण अंचलों में बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रहा है करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शहरी हो या उपनगरीय क्षेत्रों की कालोनियों में बांस एवं बल्लियों के सहारे बिजली का करंट दौड़ रहा है जिससे हर वक्त हादसे का खतरा मंडराता रहता है। अनाधिकृत कालोनियों ये नजारे ज्यादा दिखाई देते हैं। कई कालोनियों में तो सड़क के ऊपर इतनी पास में तारें झूलती रहती है कि वाहन चालकों को बचकर निकलना पड़ता है। इसके बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शहर में कई कॉलोनियों में यही व्यवस्था है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार शहर में इन अवैध कॉलोनियों में नियमानुसार कनेक्शन नहीं दिए जा सकते हैं। शहर के कई इलाकों में बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति हो रही है। ऐसी कई कॉलोनियां हैं जिसमें अभी तक लाइन नहीं पहुंच पाई हैं। इन कॉलोनियों में बांस बल्ली के सहारे बिजली जल रही है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अवैध कालोनियों में बिजली की लाइन झूल रही है।



जमीन से बिजली लाइन की उंचाई कुछ फीट होगी। झूलती बिजली के जर्जर लाइन के सपोर्ट के लिए कई बांस लगा दिए गए है। बिजली की लो-टेंशन लाइन बांस के सहारे टिकी हुई है।

रहवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली कंपनी के अफसरों से शिकायत की है, लेकिन बिजली कंपनी के अफसरों ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और लोग परेशान है। नगर में नियमों को ताक पर रखकर कालोनियों का निर्माण तो लगातार हो रहा है लेकिन विद्युत कनेक्शन के लिए रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कंपनी द्वारा बिजली कनेक्शन तो दिए जा रहे हैं, लेकिन ये कनेक्शन बिजली के खंभों की बजाय बांस की लकड़ियों पर टिके हुए हैं। मार्ग पर बल्लियां लगाकर वायरों को घरों तक पहुंचाया गया है। कई बार बारिश व आंधी से इन बल्लियों के गिरने का खतरा भी बना रहता है। सड़क के किनारे से गुजरे ये कनेक्शन राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन सकते हैं। दूरदराज के आकर लोग यहां शासकीय भूमि में कब्जा कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जगह-जगह कच्चे मकान बनाए जा रहे हैं। इन मकानों में बिजली कनेक्शन के लिए लोग जमकर लापरवाही बरत रहे हैं। अवैध ढंग से बिजली के खंभे से तार जोड़कर लकड़ी का सहारा लेकर रहवासी घरों को रोशन कर रहे हैं।

नगर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एक नहीं, कई ऐसे स्थान हैं जहां रोड क्रॉस करती बिजली लाइनों के बेहद नीचे हैं। इसके अलावा शहर के कुछ स्थानों पर बिजली के तार बल्लियों के सहारे लटक रहे हैं। स्थानीय रहवासी अपने स्तर पर बिजली कंपनी में शिकायतें भी कर चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। शहर के कुछ स्थानों पर बिजली के तार बल्लियों के सहारे लटक रहे हैं। स्थानीय रहवासी अपने स्तर पर बिजली कंपनी में शिकायतें भी कर चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।



# अतिक्रमण पर 2700 रुपए की हुई चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

सार्वजनिक मार्गों की सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार अतिक्रमण दल द्वारा माधव नगर के चावला चौक मुख्य मार्ग में अस्थाई अतिक्रमण कर आवागमन को बाधित करने वाले 7 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान सड़क किनारे फुटपाथ व दुकानों के बाहर मुख्य मार्गो पर अस्थाई अतिक्रमण कर आवागमन को बाधित करने वाले 7 लोगों के विरुद्ध 2 हजार 700 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है।उक्त कार्यवाही के दौरान दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर लगाई गई सामग्री को भी जब्त किया गया है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नगर के मुख्य मार्गो पर दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों,ठेला वालों एवं रोड पर बाइक रिपेयरिंग करने वालों को सख्त हिदायत देते हुए निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आगे भी यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही के दौरान निगम की अतिक्रमण टीम के सदस्यों पुलिस दल की भी मौजूदगी रही।

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

# उपायुक्त ने दी सख्त हिदायत, कहा साफ सफाई व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर की सफाई व्यवस्था में संलग्न कर्मी निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य में उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करें। नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उक्त हिदायत गुरुवार को आयोजित समीक्षा के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता नें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों - कर्मचारियों को दी।

उपायुक्त नें बैठक के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए एम.एस.डब्लयू के प्रबंधक को नियमित तौर पर निर्धारित समय से कचरे का उठाव करानें हेतु सुपरवाइजर को निर्देशित करने की



हिदायत दी गई। वहीं स्वास्थ्य अधिकारी को सार्वजनिक स्थलों , सेल्फ़ी प्वाइंट एवं खाली प्लाटों पर कचरा फेकनें पर चालानी कार्यवही करनें, नियमित तौर पर वार्डो में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करानें, सागर पुलिया के दौनों ओर झाडियों की कटाई करानें तथा नाला सफाई उपरांत निकले कचरे का शीघ्र उठाव कार्य किये जानें के निर्देश दिए। नगर के प्रमुख नालों की सफाई की जानकारी चाहे जानें पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी प्रमुख नालों की सफाई का कार्य करा दिया गया है।

नगर के मुख्य मार्गो बरगवां एवं नदी पार स्थित डिवाइडर में लगे पौधों की कटिंग कराई जाकर डिवाइडर के अंदर एवं बाहर पर्याप्त सफाई कराने के निर्देश उद्यान पर्यवेक्षक अरजरिया देते हुए उपायुक्त श्री गुप्ता नें डिवाइडरों को रोजाना साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु क्षेत्रीय दरोगा को निर्देशित किया।

### बेहतर हों व्यवस्थाएं

उपायुक्त नें नगर में आयोजित होनें वाले मुहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कर्बला शरीफ व जुलूस मार्ग सहित भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा वापसी के दौरान जुलूस रूट मार्ग में पर्याप्त साफ-सफाई करानें, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव आदि की व्यवस्था को चाक - चौबंद रखनें के साथ ही मार्ग के आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर दिये निर्देश



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत गुरूवार 3 जुलाई को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस ,स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया।

# मूंग एवं उड़द फसलों के उपार्जन के लिये पंजीयन की कल अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मूंग एवं उड़द फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन हो रहा है। जिले के किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा एमपी किसान ऐप पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। जबकि एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे पर पंजीयन की सुविधा सशुल्क उपलब्ध है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जुलाई है।

### पंजीयन हेतु आधार वेरिफिकेशन जरूरी

पंजीयन करने से पहले किसानों के आधार नंबर का वेरिफिकेशन, लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जाएगा। किसानों का पंजीयन भू अभिलेख में दर्ज खाता एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होने पर ही हो सकेगा। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा।

पंजीयन केंद्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा सिकमी नामे की प्रति साथ में लेकर आना अनिवार्य है। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड की जानकारी भी उपलब्ध करानी होगी। यदि किसी कारणवश आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए खाते में भुगतान किया जाएगा।

किसान भाइयों से पंजीयन हेतु आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की गई है।

### जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# लोक सुनवाई में जमीनों में अतिक्रमण की आई ज्यादा शिकायतें, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव गुरुवार को ग्राम पंचायत कांटी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने 56 ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई, तहसीलदार मनीष शुक्ला, नायब तहसीलदार द्वय पीके वर्मा एवं राजेन्द्र खरे, जनपद पंचायत सीईओ ब्रतेश जैन , सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्रीमती शारदा सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।

### अवैध कब्जा हटवायें

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम रजरवारा निवासी नं. 1 निवासी लक्ष्मण प्रसाद गड़ारी ने आवेदन देते हुए कहा कि मेरी भूमि खसरा नंबर 473 पर गांव के ही निवासी दयाली रजक ने कब्जा कर लिया है। मेरे द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को समय-सीमा में कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम कुर्सी टोला निवासी गुलजार सिंह ने अपनी समस्या बताते हुये कहा कि मेरी भूमि जिसका खसरा नं. 78, 92, एवं 181 रकबा क्रमशः 0.78, 0.07 एवं 0.09 हेक्टेयर पर वन विभाग ने कब्जा कर रखा है। इस कब्जे को हटवाया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने निश्चित समयावधि में वनमंडलाधिकारी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### दबंग कर रहे परेशान

ग्राम कांटी निवासी पप्पू कुम्हार पिता फूलचंद कुम्हार ने बताया कि मेरे द्वारा पिछले 25 वर्षों से कब्जे की भूमि पर गांव के ही अनूप कुमार शुक्ला पिता देवेन्द्र शुक्ला द्वारा गंदी गालियां देते हुए जबरन कब्जा करने, घर गिराने तथा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसलिए वैधानिक कार्यवाही करते हुए जान-माल की सुरक्षा की जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को भूमि की डिटेल चेक करते हुए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम कांटी निवासी कन्छेदी ने कलेक्टर श्री यादव से कहा कि मुझे पीएम किसान निधि की राशि नहीं मिल रही है। इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर भी अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को उचित कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिये।

### बाढ़ से बचाव के लिए मैदानी अमले को मुस्तैदी एवं सतर्क रहने के दिए निर्देश

# उपायुक्त ने बाढ़ आपदा प्रबंधन स्टोर कक्ष पहुंचकर राहत सामग्री का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के दौरान नगर निगम द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली राहत एवं बचाव सामग्री का उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बुधवार को बस स्टैंड ऑडिटोरियम परिसर स्थित भंडारण कक्ष पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान अग्निशमन विभाग सहित जोन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### पहले से दुरूस्त रखें व्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री गुप्ता ने अतिवर्षा एवं बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए आवश्यक ट्यूब, सर्च लाइट, रस्सा, दवाइयां, खाद्य सामग्री, राहत एवं बचाव सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने,लाइफ जैकेट की संख्या बढ़ाने के साथ ही बाढ़ से बचाव एवं नियंत्रण हेतु मुस्तैद एवं सतर्क रहने के निर्देश उपस्थित



कर्मचारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए की बाढ़ एवं अति वर्षा की सूचना हेतु संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों के मोबाइल की सूची अपडेट रखी जाए।

### बाढ़ आने से पूर्व रखें सावधानियां

उपायुक्त श्री गुप्ता ने नगर के चिन्हित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अंतर्गत नदी, नालों में बाढ़ आने पर सभी आवश्यक बचाव एवं राहत कार्य करने हेतु सामग्री चिन्हित स्थलों पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## घर घर जाकर हितग्राहियों की पांच दिन में ई केवायसी का कार्य करें पूर्ण

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम सीमांतर्गत चलाए जा रहे ई-केवायसी अभियान के तहत निकाय कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर समग्र आई डी से आधार की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा हैं। उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा गुरुवार को ई-केवायसी कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाकर कार्य में गति लाने के निर्देश दल के कर्मचारियों को दिए गए। श्री गुप्ता द्वारा नगर में की जा रही ई.के.वाय.सी कार्य की वार्डवार प्रगति की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पर नाराजगी की जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं उचित मूल्य की दुकानों से सतत संपर्क स्थापित के शत प्रतिशत शेष रहे हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य आगामी पांच दिवस में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों और प्रभारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि शासन की जनकल्याण एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ निरंतर पात्र हितग्राहियों को मिलता रहे इस हेतु शासन निर्देश पर समग्र से आधार की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। उपयुक्त श्री शैलेश गुप्ता ने नागरिकों से ई-केवाईसी कराने की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित समय पर ई-केवाईसी नहीं कराने वालों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

# एकमुश्त खाद्यान्न वितरण की अवधि 10 जुलाई तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी पात्र परिवारों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त के राशन का वितरण एकमुश्त किया जा रहा है। शासन द्वारा एकमुश्त राशन वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी गई है। साथ ही निर्धारित अवधि में आवंटन अनुसार दुकान पर सामग्री का प्रदाय एवं सभी पात्र परिवारों को राशन का वितरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गये हैं। इसके उपरांत वितरण की अवधि नहीं बढ़ाई जा सकेगी। ज्ञात हो कि वर्षा काल के दौरान राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली कठिनाइयों के मद्देनजर राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सभी पात्र परिवारों को माह जून से लेकर अगस्त माह तक का राशन का एकमुश्त वितरण करने के निर्देश दिए गये थे।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि हितग्राहियों को पीओएस मशीन पर तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद तीन माह का एकमुश्त राशन प्राप्त होगा। साथ ही उन्होंने सभी हितग्राहियों से परिवार के शेष सदस्यों की ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लेने का आग्रह किया है। इसके अलावा हितग्राहियों से एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर प्राप्त सूचना से वितरित राशन सामग्री का मिलान करने एवं राशन सामग्री प्राप्त करते समय पीओएस मशीन से जारी पावती प्राप्त करने की सलाह भी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में प्रवेशोत्सव व दीक्षांत समारोह आयोजित

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के परिवेश, प्रकृति, संस्कृति व सभी संकायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों से परिचय कराया गया। त्रिदिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह, क्रीड़ाधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ की सहभागिता रही। दीक्षारम्भ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति सिखाने, उन्हें उनके लक्ष्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना था।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बच्चों के साथ रोपे पौधे

**कटनी।** जिले में चलाए जा रहे हरियाली महोत्सव अभियान के तहत ग्राम पंचायत डिठवारा में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम पंचायत डिठवारा के सरपंच, उपसरपंच, सचिव और ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा का स्वागत किया। इसके उपरांत शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में स्कूल स्टाफ, बच्चों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा ने पौधा लगाने भर से पर्यावरण का संरक्षण नहीं होगा और न ही हरियाली आएगी। हमे जिम्मेदारी के साथ इन पौधों की देखभाल भी करनी होगी। जिससे ये पौधे वृक्ष का रूप लेकर हमारे आने वाले कल को सुरक्षित कर सकें। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, बच्चों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत श्री विश्वकर्मा ने ग्रामवासियों से मिलकर शासन की योजनाओं से उन्हें अवगत कराया और उनकी बिजली, पानी की समस्याओं को तुरंत अधिकारियों से बात कर हल किया और स्कूल के बच्चों से वार्तालाप कर उनके उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### सालों से फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** निवार चौकी पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नेहा मौर्य ने बताया कि फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में निवार पुलिस लगातार वारंटियों की धर पकड़ करने के प्रयास में जुटी हुई है। इसी क्रम में नव वर्ष से फरार स्थाई वारंटी किशन गोटिया पिता राम सूजन गोटिया 38 वर्ष निवासी बडखेड़ा चौकी निवार को गत दिवस गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### जहरीली वस्तु के सेवन से दो की मौत

**कटनी।** विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लेने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना कुठला थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार हरिप्रसाद विश्वकर्मा पिता रमेश प्रसाद विश्वकर्मा (55) निवासी गल्ला मंडी पहरूआ थाना कुठला की जहरीले पदार्थ के पी लेने से मौत हो गई है। इसी प्रकार सागर वंशकार पिता भोला वंशकार (35) निवासी लमतरा फाटक कुठला की जहरीले पदार्थ के पी लेने से मौत हो गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में हुई काम्बिंग गश्त

# फरार वारंटियों की हुई धरपकड़, निगरानी बदमाशों को किया चेक, होटल-ढाबों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित फरार वारंटियों एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर गत रात जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में विगत रात्री कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में चलाये ए अभियान में थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, साइबर सेल एवं विशेष बल की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। संवेदनशील मोहल्लों, अपराधियों के संभावित ठिकानों, पुरानी घटनाओं से जुड़े क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण अंचलों में पुलिस के द्वारा पैदल गश्त एवं वाहन पेट्रोलिंग की गई।

काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 59 वारंटी गिरफ्तार किए गए। कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 38 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए।।पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 41 गुंडा चेक किए गए। अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 41 निगरानी बदमाश चेक किए गए।

### 14 आबकारी प्रकरण दर्ज

अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 14 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिया। कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमंस व 48 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए।

### नशे में वाहन चलाने पर कार्रवाई

कटनी पुलिस द्वारा रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई।

### असामाजिक तत्वों को पकड़ा

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। इसी तरह परिशांति कायम रखने हेतु 69 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 08 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

### होटल, ढाबों में भी जांच

काबिंग गस्त के दौरान अवैध गतिविधियों (जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध हथियार आदि) की चेकिंग की गई।।होटल, लॉज, ढाबों आदि का भौतिक सत्यापन एवं दस्तावेज जांच किया गया। कांबिंग गश्त का उद्देश्य सिर्फ अपराध पर अंकुश लगाना ही नहीं, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है। कटनी पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई द्वारा नायब तहसीलदार सिनगौडी सर्किल अंतर्गत ग्राम इटौरा व इटमा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान हल्का पटवारी अपने कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित पाए गए। काम के प्रति पटवारी द्वारा लापरवाही पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी ने पटवारी रघुवीर शरण सिंह को निलंबित करने की कार्यवाही की। श्री मंडलोई द्वारा लगभग साढ़े तीन बजे जानकारी देते हुए बताया गया कि पटवारी रघुवीर शरण सिंह बिना किसी सूचना के हल्का से नदारद थे जिसके कारण ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने कर विवश होना पड़ता था। पटवारी को पूर्व में मौखिक रूप से अपने हल्का में रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निर्देशित भी किया गया था लेकिन पटवारी द्वारा लगातार मनमानी की जाती रही। तहसील कार्यालय द्वारा पटवारी श्री सिंह को कई बार कारण बताओ नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया लेकिन पटवारी द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया था। फॉर्मर रजिस्ट्री, आरओआर का जो लक्ष्य निर्धारित था उस पर भी कम प्रगति पाई गई थी। इस दौरान भी अनुविभागीय अधिकारी के निरीक्षण के दौरान पटवारी अनुपस्थित थे। नोटिस दिए जाने पर पटवारी द्वारा जवाब भी प्रस्तुत नहीं किया गया थम यही नहीं न्यायालय नायब तहसीलदार सिनगौडी/उबरा विजयराघवगढ़ के पत्र अनुसार आवेदक गोविंद प्रसाद पिता रोहणी प्रसाद गौतम निवासी इटौरा के बंटवारा प्रकरण में खसरा नंबर 977/1, 977/2, 977/3, कुल रकवा 1.7 हेक्टेयर का फर्द बंटवारा नहीं किया गया था जिस पर भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था बावजूद इसके पटवारी द्वारा न तो फर्द बंटवारा का प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया न ही नोटिस का जवाब ही दिया गया था। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में भी पटवारी श्री सिंह अनुपस्थित थे। पटवारी का कृत्य मध्यप्रदेश मूलभूत नियम 18 एवं सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 7 के प्रावधानों का उल्लंघन तथा मप्र सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत दंडनीय मानते हुए पटवारी रघुवीर शरण सिंह को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं। पटवारी को तहसील कार्यालय शाखा कानूनगो में संलग्न किया गया है।

## ग्रामीणों को 18 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा

# बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग पर नहर के ऊपर होगा पुल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रयासों से जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों की आवागमन की समस्या का समाधान हुआ है। जिले में आज भी कई ऐसे गांव ऐसे हैं, जहां लोगों को शहर तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ इसी तरह की परेशानी का सामना कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों को करना पड़ रहा था।

20 गांव के लोगों की हर दिन की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ आवागमन के लिए नहर के ऊपर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं जल्द पुल का कार्य कराए जाने के लिए कहा। नहर के ऊपर पुल निर्मित हो जाने से 20 गांव के लोगों को अब लगभग 18 किलोमीटर का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी।

कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग में नहर के ऊपर स्टाफ डैम के पास पुल निर्माण हो जाने से 20 गांव के लोगों को लाभ मिल जाएगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जनपद पंचायत कटनी सीईओ एवं एसडीओ के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए उन्होंने नहर के ऊपर अतिशीघ्र पुल बनाए जाने के लिए कहा।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा द्वारा पुल निर्माण की पहल किए जाने से 20 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत हो जाएगी और अब उन्हें 18 किलोमीटर की दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। स्थल निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने जल्द ही नहर के ऊपर पुल बनाकर आवागमन प्रारंभ कराने की बात कही।

## स्लीमनाबाद थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बीती रात स्लीमनाबाद थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, हवालात की स्थिति, रजिस्टरों का संधारण, थाना रिकॉर्ड, मालखाना एवं विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आगंतुक रजिस्टर का अवलोकन कर उसमें दर्ज फरियादियों को स्वयं कॉल कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई एवं थाने द्वारा की गई कार्यवाही की वास्तविक स्थिति की पुष्टि करते हुए फीडबैक प्राप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ को आमजन की समस्याओं के त्वरित व निष्पक्ष निराकरण, थाने की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने तथा रिकॉर्ड के समय पर संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। औचक निरीक्षण के दौरान एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, निरीक्षक अखिलेश दाहिया थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# समस्याएं दूर करने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रियदर्शनी बस में मूलभूत सुविधाएं को लेकर बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि यहाँ यात्रियों एवं बसों के लिए मूलभूत समस्याओं का पूर्णतः अभाव है, जब कि किसी भी शहर का बस स्टेन्ड शहर का प्रवेश द्वार होता है और शहर की व्यवस्थाओं का आकंलन होता है। प्रियदर्शनी बस स्टेन्ड शापिंग काम्पलेक्स ज्यादा है जिससे नगर पालिक निगम को बहुत बढे राजस्व की प्राप्ति होती है। अभी जुलाई से किसी नए ठेकेदार को ठेका दिया गया है जो पूरी फौज के साथ मनमानी वसूली पूरी रंगदारी के साथ बसूलने के लिए तत्पर है।

समस्त बस आपरेटर मांग करते है जिन्हें तत्काल पूरी करने हमको बस खड़ी करने के लिये जगह दी जाये नही तो हमको हमारे ओटोरियम वाली जगह दी जाये जो कि पूर्व कलेक्टर अजीता बाजपेयी जी द्वारा बस ऑपरेटर को दी गई थी। हम सभी शुल्क तभी देंगे जब बस स्टेन्ड को शांपिग काम्पलेक्स मुक्त किया जाये जैसे जबलपुर में है। बस स्टेन्ड को अतिक्रमण मुक्त किया जाये। बस स्टेन्ड में ऑटो वालो का प्रवेश बन्द किया जाये। बस घोने के लिये बस स्टेन्ड में एक वॉशिंग ऐरिया दिया जाये। बस स्टेन्ड में 4 गार्ड दिया जाये जो हमारी खड़ी हुई बसों की देखरेख कर सके। ऐसी प्रतीक्षालय एवं बस डिस्पले बोर्ड दिया बोर्ड दिया जाये ,वसूली करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरीफेकेशन अति अनिवार्य किया जाये बस स्टेन्ड विचरण करते जानवरो और साबों से मुक्त किया जाये। बस स्टेन्ड में नित्य सफाई कराई जाये जो अभी महीने में शायद ही एक बार होती है। बस स्टेन्ड में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था यात्रियों के लिए किया तत्काल उपरोक्त बिंदुओं की मांगों को पूरा करने की मांग की गयी 1

## देवारण्य योजना के तहत रोपे गए पौधे अब 8 फीट ऊंचे पेड़ बने

# बिजौरी की वीरान टेकरी औषधीय एवं फलदार पौधों के रोपण से हुई हरी-भरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत पठरा के ग्राम बिजौरी में आम के आम और गुठलियों के दाम की कहावत को चरितार्थ होते देखा जा सकता है। यहां ग्राम बिजौरी के वीरान पड़ी छोटी टेकरी के करीब 6 एकड़ के वीरान भू-भाग में मनरेगा योजनांतर्गत औषधीय एवं फलदार प्रजातियों के पौधारोपण ने कुछ वर्ष पहले तक उजाड़ रहे भू-भाग को हरा-भरा बना दिया है। यहां करीब 3 वर्ष पहले से रोपे जा रहे पौधे अब 6 से 8 फीट ऊँचे होकर लहलहा रहे हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने देवारण्य योजना के तहत तैयार जिले की पहली वृहद पौधारोपण नर्सरी का निरीक्षण कर इसकी सराहना किया था और बीच-बीच में खाली जगहों पर इस साल और पौधे लगाने के निर्देश दिये थे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह भी मौजूद रहे।

सहायक परियोजना अधिकारी डॉ. अजीत सिंह बताते हैं कि देवारण्य परियोजना के माध्यम से 14.96 लाख रूपये की लागत से 1 हजार 370 औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिनमें से अभी आंवला के 570, बेल के 100, महुआ के 50, नीम के 100, कंरज के 115, कटहल के 15, हर्रा के 50, बहेरा के 65, शीशम के 100 एवं महुआ के 50 पौधे जीवित है। अब ये पौधे पेड़ बन चुके हैं। इस वृक्षारोपण ने खाली पड़ी भूमि को हरियाली की चादर से ढंक दिया है। इस हरियाली से गाँव की आवो-हवा अब स्वच्छ हो गई है। विभिन्न प्रजातियों के यहां इठलाते पौधों से स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ औषधीय प्रजाति के पौधों का भी लोगों को लाभ मिलेगा।

डॉ. सिंह ने बताया कि देवारण्य प्रोजेक्ट के शुरूआती दौर में पौधों का रोपण एवं पौधों को जीवित रखना चुनौती पूर्ण कार्य था। किंतु, ग्राम पंचायत पठरा के सरपंच, सचिव, उपसरंपच तथा सेक्टर उपयंत्री विनय सिंह, डी एस बघेल, सहायक यंत्री आरबी सिंह के कुशल तकनीकी मार्गदर्शन से पौधों की लगभग शतप्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित हो सकी है।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ तीन दिवसीय दीक्षारंभ

# विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रवेश प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में सत्र 2025-26 में महाविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह द्वारा महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020, विशेष ध्यान देने वाली बारीकियों, 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं सी. सी. ई., प्रोजेक्ट सहित अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा एवं डॉ चंद्रभान लोहार ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उससे संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। डॉ. के. के. निगम द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं गणित विभाग से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ. आर. जी. सिंह ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शिक्षकों से परिचित कराया तथा सभी शिक्षकों द्वारा भी अपने विभाग तथा अपने से संबंधित अन्य प्रभार से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

डॉ चंद्रभान लोहार द्वारा महाविद्यालय में प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वरिष्ठ छात्रों एवं पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ प्राप्त हुआ। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित करते हुए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। ग्रंथपाल डॉ. रूपा शर्मा ने पुस्तकालय से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पुस्तकालय तथा विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया। कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य वक्ता किड्स वे विद्यालय के संचालक डॉ जैनेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि भारत अपनी ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा पद्धति के कारण ही विश्व गुरु था। भूतपूर्व छात्र शिव नारायण सोनी ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एस. एस. धुर्वे ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. जी. सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं आभार प्रदर्शन डॉ राकेश दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ मंजूलता साहू, श्री पवन दुबे, दीपक मिश्रा, डॉ. अरुण तिवारी, डॉ. चंद्रभान लोहार, आशीष तिवारी, महिमा तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, नव प्रवेशित विद्यार्थी, रा. से. यो. स्वयंसेवक, अन्य विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र उपस्थिति रहे।

### जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**कटनी।** जहरीले सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई है। मामला स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनौजा का है। जानकारी के अनुसार शीला बाई गौड पति रघुनन्दन सिह गौड (39) निवासी ग्राम कनौजा थाना स्लीमनाबाद को घर की बाड़ी में सर्प ने काट लिया था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**


## 5 जुलाई तक ग्राम पंचायत कार्यालय में लगेंगे शिविर

**पन्ना।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शामिल 108 गांव की ग्राम पंचायतों सहित जिले के समस्त ग्राम पंचायत कार्यालय में विशेष अभियान के तहत लोगों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए आगामी 15 जुलाई तक निरंतर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को आधार, राशन एवं आयुष्मान भारत कार्ड सहित जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान निधि, जन धन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं स्वास्थ्य बीमा योजना, वृद्धा, विकलांग एवं विधवा पेंशन, मनरेगा के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा एवं मातृत्व वंदना योजना इत्यादि का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा टीकाकरण एवं सिकल सेल रोग परीक्षण भी शिविर में किया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालयों में आयोजित शिविरों के दौरान ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता तथा संबंधित सहायक कृषि विस्तार अधिकारी को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### नौ दिवसीय श्रीशिव महापुराण का हुआ समापन

# जिस घर में बहू-बेटी को एक भाव से देखा जाता वह घर बैकुंठ जैसा : पं विपिन बिहारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी नगरी में पटेरा रोड स्थित रुक्मणी निकेतन प्रांगण में विगत 25 जून को शुभारंभ हुआ था जिसका समापन गुरुवार को किया गया जहां कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने भगवान शिव पार्वती गणेश कार्तीकेय की की कथा का वर्णन करते हुए सांसारिक परिवार में मनुष्य को परिवार व समाज में मिलजुल कर रहने का संदेश देते हुए बताया कि आजकल आदमी दूसरे के परिवार को संभालने मैं ज्यादा दिखाई देते हैं लेकिन अपने परिवार को संभालने की कोशिश कोई नहीं करता कि हमारा परिवार संभल जाए और यदि अपना परिवार संभल गया तो पूरा जीवन संभल जाएगा। अपने जीवन में पारदर्शिता रखो नकली जीवन जीना छोड़ दो आजकल जो व्यक्ति ऊपर से जैसा बना रहता है वह अंदर से पैसा नहीं होता है आदमी जब भी जिससे मिलता है नकली पन में मिलता है और दोहरा बन के जी रहा है अच्छा जीवन जीना सीखो तो जीवन सफल हो जाएगा उन्होंने कथा में आगे बताया कि जिस परिवार में लोग बहू और बेटी को एक भाव से देखते हो वह परिवार बैकुंठ जैसा होता है। सभी माताएं एवं बुजुर्ग अपनी बहू को बेटी के समान दर्जा लाड प्यार देने लगे तो कभी परिवार में लड़ाई झगड़ा नहीं होगे और भारत के वृद्धाश्रम बंद हो जाएंगे। महाराज जी ने कथा में आगे बताया कि आजकल के लोग गाय, भाइ एवं माता-पिता से दूर होते जा रहे है गाय की जगह कुत्ता पाल रहे हैं उसकी सेवा कर रहे हैं और मां-बाप को दुत्कार रहे हैं। जिस परिवार में सर में माफी और झुकना होता है वह परिवार स्वर्ग होता है हमेशा बड़ों से माफी मांगने में शर्म नहीं करना चाहिए और छोटों को माफ करना चाहिए यह परिवारिक जीवन का सूत्र है और निज जीवन में हमेशा पवित्रता रखना चाहिए। महाराज विपिन बिहारी जी ने कथा में नकली साधु महात्माओं की और इशारा करते हुए बताया कि आजकल भारत में नकली भगवान बहुत बने हुए हैं साथियों और द्वापर में भगवान का जन्म जेल में हुआ था और कलयुग में जो नकली भगवान बनकर दूसरों को लूट रहे हैं वह जेल में बंद पड़े हुए हैं। यदि वर्तमान में वह भगवान होते तो कोरोना काल मैं लाखों लोग को मारने से बचा लेते और हवाई जहाज क्रैश हुआ था तो बचा लेते उनका कहना था कि नकली लोगों को पहचानो बड़े-बड़े काफिले में चलने से भगवान नहीं बनते पाखंडियों के चक्कर में मत पड़ो उनके चक्कर में ना पढ़कर अपने मां-बाप की सेवा करो जो भगवान से भी बड़े हैं कथा के अंत में महाराज जी ने बताया कि कभी भी किसी भी मंदिर में भगवान के सामने किसी के भी पर नहीं पड़ने चाहिए चाहे वह पंडित पुजारी वह या कितना ही महान क्यों न हो भगवान से बड़ा नहीं हो सकता, भगवान के सामने किसी के भी पैर पड़ने से भगवान का अपमान होता है। कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी ने कथा के अंत में सभी श्रोताओं से आग्रह किया कि नौ दिन श्री शिव महापुराण कथा का सुनने का पुन्य प्राप्त उसी को होगा जो कथा पुराण में बताई गई बातों का अमल करेगा और अपने परिवार में सुधार लाने का प्रयास करेगा। कथा की अंतिम दिवस हजारों की तादाद में श्रोताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही कथा के अंत में सोमेश चौरसिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# सेवानिवृत होने पर राज्यमंत्री ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

लंबे समय से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षक सहायक जिला संचालक नन्हे सिंह ठाकुर के सेवा निवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन गुरुवार को रानी अवंतीबाई लोधी परिसर नोहटा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शिक्षक नन्हे सिंह ठाकुर सहायक संचालक शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी का सम्मान करते हुए कहा कि आप शिक्षक के साथ अच्छे समाजसेवी भी है और निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे-अच्छे कार्य किए हैं और मुझे हमेशा आपसे मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने शिक्षक नन्हे से ठाकुर को शुभकामना देते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन समाज की हर वर्गों को मिलता रहे और हम ईश्वर से कामना करते हैं कि आप स्वस्थ रहें दीर्घायु हो। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष भाव सिंह लोधी,अनुपमा लोधी पूर्व डायरेक्टर केंद्रीय भंडार निगम भारत सरकार सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# शंकर साहु की सेविनवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पटेरा उपडाक घर में पदस्थ रहे डाक वितरक करने वाले शंकरलाल साहु को 65 वर्ष की उम्र पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति दी गई। शंकर साहु ने पटेरा में निरंतर 40 वर्ष तक अपनी सेवाये दी। अपने मधुर व्यवहार के कारण नगर में उनका अच्छा खासा सम्मान है। विदाई समारोह उपसंभागीय निरीक्षक नीरज खरे जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पटेरा उपडाकघर में सुश्री सुरेंद्र कुमार अहिरवार एसपीएम, राजू पाठक बीपीएम, कु रिमी नामदेव पटेरा, रामकृष्ण पटैल, ओमकार, विकास, पवन, भाई शिवप्रसाद बीपीएम, सहित नगर के दयाशंकर चौबे, नप उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, मुन्नालाल राठौर, मनीष मिश्रा, अनिल पांडे, दिनेश ताम्रकार सहित समस्त डाकघर परिवार की उपस्थिति रही। सभी ने शंकर साहू के कार्यकाल की प्रशंसा की।

# कल्याणपुरा और रानगिर के ग्रामीणों ने गौशाला निर्माण पर उठाई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

जिले के ग्राम कल्याणपुरा और रानगिर के ग्रामीणों ने अपनी पुश्तैनी काबिज जमीन बचाने को लेकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गौशाला निर्माण की प्रक्रिया के चलते उनकी 50-60 वर्षों से काबिज सरकारी भूमि छीनी जा रही है, जो उनके जीवन यापन का एकमात्र साधन है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि उनके पास कोई वैकल्पिक जमीन या आय का स्रोत नहीं है। उन्होंने बताया कि यह भूमि उबड़-खाबड़ थी, जिसे वर्षों की मेहनत और लागत से खेती योग्य बनाया गया है। अब प्रशासन द्वारा इस जमीन पर गौशाला बनाए जाने की जानकारी से वे चिंतित और आक्रोशित हैं। महिलाओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि जहां-जहां अन्य सरकारी भूमि उपलब्ध है, वहां गौशाला बनाई जाए। उनका कहना है कि यदि यह जमीन उनसे ली गई, तो वे सड़क पर आ जाएंगे और उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। ग्रामीणों ने गौशाला निर्माण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में न्याय की गुहार लगाते हुए कहा गया है कि उनकी पुश्तैनी जमीन ही उनका जीवन आधार है, जिसे बचाया जाना जरूरी है। रानगिर ग्राम की लोगों का कहना है कि गरीबों की खेती इस साल जोतना नहीं दी जबकि बड़े लोग खेती शासकीय भूमि पर कर रहे हैं उनका अतिक्रमण नहीं हटाया गया और ना ही उन्हें रोका गया जब गरीबों की शासकीय छीन ली गई जबकि गरीब एक से दो एकड़ भूमि पर खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं जबकि कुछ किसान ऐसे हैं जिनकी पुश्तैनी कई एकड़ भूमि है लेकिन वह भी शासकीय भूमि पर कब्जा किए हैं लेकिन उनका कब्जा नहीं हटाया गया ना ही उन्हें इस वर्ष खेती करने से रोका गया रोका गया तो सिर्फ गरीबों को प्रशासन से मांग करते हैं कि हम लोगों को हमारी खेती वापस दी जाए खेती करने दी जाए अब देखना होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की इस अपील पर क्या निर्णय लेता है। एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया का कहना गौशाला के लिए आवंटित कर दी गई है। जो भी इस भूमि पर कब्जा किया होगा उसे कब्जे को हटाया जाएगा चाहे वह कोई भी हो। ज्ञापन सौंपने वालों में बसंत पिता सुत्त अहिरवार, मिट्ठू पिता बंसी बंसल, सुंदर बंसल, रामलाल सुत्त राजेश गौतम, नन्हे भाई, कोमल, घनश्याम अहिरवार, सुखदेव, भूरा, कुसुम रानी गोंड पति जगदीश, रामप्रसाद, रामू गौतम, छोटू पिता बीरन धर्म पिता कंन्छथी सुंदर पिता झुर सिंह रफीक सफीक पिता शरीफ बेबी पति गोविंद ठाकुर आसाराम पिता पूरनलाल विकास पिता दशरथ सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष मीडिया के सामने आए।

# तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के आदेश अनुसार तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम नव -प्रवेशित छात्राओं के लिए महाविद्यालय प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ जी. पी. चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेखा जैन द्वारा किया गया। दिनांक 01/07/2025 से 03/07/2025 तक आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ. रेखा जैन द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करना बताया, साथ ही डॉ. अवधेश जैन ने छात्राओं को महाविद्यालय गणवेश में आने पर स्वयं की सुरक्षा निहित होने की बात कही। तीन दिवस के दौरान महाविद्यालय में अध्ययन करने हेतु महत्वपूर्ण बिंदु जैसे छात्रवृत्ति , NEP- 2020 शैक्षणिक संरचना एवं परीक्षा प्रणाली , कैरियर परामर्श , NSS, सूचना का अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों ,लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं समस्त विभाग और स्टाफ का परिचय महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर अरूणा एम . जैन, डॉ एन पी नायक, डॉ डी के नेमा, डॉ राजू प्रसाद अहिरवाल, डॉ मालती नायक, डॉ बृजेंद्र सिंह कुसमारिया, डॉ असलम खान, डॉ आराधना श्रीवास, डॉ प्रणव मिश्रा , डॉ राधा ताम्रकार , श्रीमती जया अहिरवार, श्री बृजेश मौर्य, श्रीमती भारती चौरसिया, डॉ प्रिया थापा द्वारा दिया गया। नव -प्रवेशीत छात्राओं को महाविद्यालय परिसर एवं उसमें उपलब्ध विभिन्न संसाधनों जैसे लाइब्रेरी, ई लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, कॉमन रूम , प्रयोगशालाएं, ओपन जिम, खेल मैदान, इनडोर आउटडोर गेम्स आदि का अवलोकन डी पी मेहरोलिया , डॉ चंद्रशेखर राठौर ,डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ दिनेश कुमार पटेल, डॉ अनुभा सोधिया , श्रीमती करिश्मा कटारे द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर महाविद्यालय संरक्षक डॉ जी पी चौधरी ने छात्राओं के हित में बताते हुए संबोधित किया कि हमारा महाविद्यालय परिवार सदा आपके साथ है उनसे मार्गदर्शन लेते हुए अपना भविष्य उज्जवल बनाएं। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ असलम खान, डॉ राजेश पौराणिक, डॉ ममता सांघी ने किया एवं तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम की संयोजक डॉ राधा ताम्रकार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्राएं एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा ।

# 27 मील पर वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह पीसी गुप्ता के निर्देशानुसार तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला दमोह ज्ञानेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के संबोधन में ग्राम 27 मिल मे किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि पर्यावरण व्यक्ति, समाज और अर्थव्यवस्था के बीच एक जटिल और परस्पर निर्भरता वाला तंत्र है। इसे सुरक्षित रखना न केवल धरती और जीवों के लिए ज़रूरी है, बल्कि मानवीय प्रगति, स्वास्थ्य और भविष्य काल के संसाधन के लिए अनिवार्य भी है।पर्यावरण हमारे चारों ओर मौजूद जैविक और अजैविक तत्वों का समष्टिगत समूह होता है, जो किसी जीव के जीवन को प्रभावित करता है। इसके अलावा उपस्थित ग्रामीण जन के समक्ष नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर 15100 हेल्पलाइन नंबर कॉल करने को कहा शिविर मैं डिप्टी रेंजर सुशील श्रीवास्तव , अशोक कुमार दुबे वन विभाग का स्टाफ तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## शिक्षक के जन्मोत्सव पर स्कूल में भोज का आयोजन

**हटा।** शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया में शिक्षक मुकेश रैकवार के जन्म दिवस तिथि भोज का आयोजन किया गया जिसमें बीआरसी श्री एमएल अहिरवार बीएससी श्री योगेश सोनी जन शिक्षक निर्मल वाल्मीकि ,हारून खान एवं अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री मुरारी लाल अहिरवार ने बच्चों के साथ बैठकर विद्यालय में मध्यान भोजन किया। इसके पश्चात फल एवं छायादार पौध रोपण का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की शिक्षक कमलेश ताम्रकार, आकाश राजपूत , पीएल बसोर, राकेश अहिरवाल, बृजेश साहू ने सहयोग किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव के द्वारा किया गया।

# कब्रिस्तान मार्ग एवं पुलिया निर्माण कराने दिया निवेदन



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 मडिया घाट में स्थित कब्रिस्तान का रास्ता कच्चा है इस पर किसी का अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया कि कब्रिस्तान के मार्ग को पक्का किया जाए। कब्रिस्तान का मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में या बरसात होने पर कीचड़ में तब्दील हो जाता है जिससे आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि इस मार्ग में पड़ी मिट्टी चिकनी है जिससे यहां फिसल कर गिरने का खतरा बना रहता है क्योंकि मुस्लिम समाज के लोग हर सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार के दिन अपने पूर्वजों की दुआएं मगफिरत के लिए कब्रिस्तान जाते हैं और यदि किसी शव को जब कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले जाया जाता है तो यह खतरा बना रहता है कि फिसलन के कारण शव कहीं गिर ना जाए । इदरीस खान का कहना है कि शव को सम्मान जनक तरीके से कब्रिस्तान तक पहुंचने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि रास्ते में चौड़ी नाली पड़ती है जो की कच्ची है उसके बीच में पत्थर डालकर शव को कब्रिस्तान पहुंचाया जाता है इसी विषय को लेकर आज मुस्लिम समाज की तरफ से कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष इदरीस खान और सदस्य शोएब खान ने नगर परिषद के सीएमओ पीयूष अग्रवाल को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने मांग की है कि कब्रिस्तान के मार्ग कीचड़ फिसलन और नाली की उचित व्यवस्था की जाए इस विषय में सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने दो दिन के अंदर वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि पुलिया और सड़क मार्ग का इंजीनियर के द्वारा स्टीमेट बनवाकर जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करूंगा।

## राम सबके है एक बार राम का होकर तो देखिए - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय आमचोपरा अथाई रोड के पास स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आज से गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव के अंतर्गत दिव्य भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कहा कि मेरे पिताजी सुनाया करते थे कि एक रामलीला मण्डली रामलीला करने एक गांव आयी हुई थी मण्डली में लगभग 22 कलाकार थे जो गांव मे ही रुके थे वहीं सभी कलाकार अभ्यास करते और भोजन बनाते खाते थे रामलीला मण्डली के महन्त के निर्देशन मे रामलीला होती थी उसमे एक व्यक्ति साज-सज्जा और राम लीला से जुड़ी अन्य व्यवस्था देखते थे एक दिन पूरी मण्डली बैठी थी और अभ्यास चल रहा था तभी महन्त ने व्यवस्थापक से कहा इस बार वो शिव धनुष हल्की और नरम लकड़ी की बनवाएं ताकि राम का पात्र निभा रहे 17 साल के युवक को परेशानी न हो पिछली बार धनुष तोड़ने में समय लग गया था इस बात पर व्यवस्थापक कुपित हो गया क्योंकि लीला की साज-सज्जा और अन्य व्यवस्था वही देखता था और पिछला धनुष भी वही बनवाया था इस बात को लेकर महन्त जी और व्यवस्थापक में कहा सुनी हो गई व्यवस्थापक महन्त जी से काफी नाराज हो गया और महन्त जी से बदला लेने को सोच लिया था संयोग से अगले दिन सीता स्वयंवर और शिव धनुष भंग का मंचन होना था व्यवस्थापक मण्डली जिसके घर रुकी थी उनके घर गया और कहा रामलीला में लोहे के एक छड़ की जरूरत आन पड़ी है दे दीजिए गृहस्वामी ने उसे एक बड़ा और मोटा लोहे का छड़ दे दिया छड़ लेके वह दूसरे गांव के लोहार के पास गया और उसे धनुष का आकार दिलवा लाया रास्ते मे उसने धनुष पर कपड़ा लपेटकर और रंगीन कागज से सजा के गांव के एक आदमी के घर रख आया रात में रामलीला शुरू हुई तो उसने चुपके से धनुष बदल दिया और लोहे वाला धनुष ले जा के मंच के आगे रख दिया और खुद पर्दे के पीछे जाके छुपकर देखने के लिए खड़ा हो गया रामलीला शुरू हुई महन्त जी हारमोनियम पर राम चरणों मे भाव विभोर होकर रामचरित मानस के दोहे का पाठ कर रहे थे हजारों की संख्या में दर्शक शिव धनुष भंग देखने के लिए मूर्तिवत बैठे थे रामलीला धीरे धीरे आगे बढ़ रही थी सारे राजाओं के बाद राम जी गुरु से आज्ञा ले के धनुष भंग को आगे बढ़े पास जाके उन्होंने जब धनुष हो हाथ लगाया तो धनुष उनसे उठा ही नही कलाकार को सत्यता का आभास हो गया राम बने हुए कलाकार ने महन्त जी की तरफ देखा तो वह समझ गए कि कुछ परेशानी है उन्होंने सोचा कि आज इज्जत चली जायेगी हजारों लोगों के सामने और ये कलाकार की नहीं स्वयं प्रभु राम की इज्जत दांव पर लगने वाली है उन्होंने कलाकार को आंखों से रुकने और धनुष की प्रदक्षिणा करने का संकेत किया और स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम के चरणों में समर्पित करते हुए आंखे बंद करके उंगलियां हारमोनियम पर रख दी और राम जी की स्तुति करनी शुरू की जिन लोगों ने ये लीला अपनी आँखों से देखी थी बाद में उन्होंने बताया कि इस इशारे के बाद जैसे ही महन्त जी ने आँखें बंद करके हारमोनियम पर हाथ रखा हारमोनियम से उसी पल दिव्य सुर निकलने लगे वैसा वादन करते हुए किसी ने उन्हें कभी नहीं देखा था सारे दर्शक मूर्तिवत हो गए नगाडे से निकलने वाली परम्परागत आवाज भीषण दुंदभी में बदल गयी रोशनी बढ़ने लगी और पूरा पंडाल अद्भुत आकाशीय प्रकाश से रह रह के प्रकाशमान हो रहा था दर्शकों को कुछ समझ में नही आ रहा था कि क्या हो रहा है और क्यों हो रहा है महन्त जी खुद को राम चरणों मे आत्मार्पित कर चुके थे और जैसे ही उन्होंने चौपाई कहा आसमान में भीषण बिजली कड़की और मंच पर रखे लोहे के धनुष को कलाकार ने दो भागों में तोड़ दिया लोग बताते हैं हैं कि यह सब कैसे हुआ और कब हुआ किसी ने कुछ नही देखा सब एक पल में हो गया धनुष टूटने के बाद सब स्थिति अगले ही पल सामान्य हो गयी महन्त जी मंच के बीच गए और टूटे धनुष और कलाकार के सन्मुख दण्डवत हो गए लोग शिव धनुष भंग पर जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे और उनकी आंखों से श्रद्धा के आँसू निकल रहे थे राम सबके हैं एक बार राम का होकर तो देखिए।

# धर्मनगरी तेन्दूखेड़ा में होगा बाल ब्र. बसंत जी का मंगल वर्षावास



**तेन्दूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा को धर्मनगरी ऐसे ही नहीं कहा जाता, यहां समय-समय साधु महात्माओं का सानिध्य सभी को मिलता रहता है,इसी क्रम में श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज तेन्दूखेड़ा की मंगल भावना इस वर्ष रही की तारण पंथ में विशिष्ट रूप से जिन्होंने वर्तमान में जन-जन तक 16 वी शताब्दी के महान संत आचार्य प्रवर तारण स्वामी की वाणी का प्रचार किया है, ऐसे इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज का पावन सानिध्य वर्षावास के रूप में हमे मिले, इस हेतु तेन्दूखेड़ा की सकल तारण तरण दिगम्बर जैन समाज की भावना को देखते हुये मंगल आशीर्वाद महाराज श्री का मिला,जिसके निम्मित कल धर्मनगरी तेन्दूखेड़ा में महाराज श्री का शुभ आगमन वर्षावास हेतु हुआ,सकल समाज द्वारा महाराज श्री की मंगल आगवानी ढोल बाजो के साथ की गई। तेन्दूखेड़ा में पहुँचकर बाल ब्रम्ह वसंत महाराज जी ने कहा कि- हम तेन्दूखेड़ा में जब भी आते है ऐसा प्रतीत होता है कि- हमारे अपने ही है,आपने भी जिस तरह इतने वर्षों की प्रतीक्षा के बाद यह अवसर पाया है,तो धर्म की जो सरिता तेन्दूखेड़ा में बहने वाली है,उसका आनंद ही अलग होगा।इस अवसर पर महाराज श्री की मंगल आगवानी समाज के बुजुर्ग, माताएं,बहिनें,युवाओं और बच्चो द्वारा बहुत ही ऊर्जा उमंग से की गई।

## प्रत्येक मतदान केन्द्र पर होंगे 1200 से कम मतदाता

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अब प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर 1200 से कम मतदाता होंगे। वर्तमान स्थिति में पवई विधानसभा में 35, गुनौर विधानसभा में 25 तथा पन्ना विधानसभा में 24 मतदान केन्द्रों पर 1200 अथवा अधिक मतदाता दर्ज हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार अब पूर्व निर्धारित मतदान केन्द्रवार मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 करने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आगामी माह में आयोग द्वारा मतदान केन्द्र के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव चाहे जाने के दृष्टिगत समय पर पूर्व तैयारी के लिए निर्देशित किया है। साथ ही प्रस्ताव तैयार कर विधानसभा स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करने व सुझाव प्राप्त कर आगामी 18 जुलाई तक कार्यवाही विवरण के साथ प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए हैं।

खबर संक्षेप

## चिश्ती नगर में दरबारे सलामी में होगी फ़ातिहा व लंगर

**दमोह।** महान सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह की दरगाह पर उर्दू कलेंडर अनुसार 4 जुलाई मोहर्रम की आठ तारीख़ दिन शुक्रवार को विशाल फ़ातिहा और लंगर का आयोजन होगा। गौरतलब है कि चाँद की हर आठ तारीख़ को दरबार ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती में हर महीने फ़ातिहा होती है लेकिन चिश्ती नगर में ख़्वाजा साहब के आस्ताने पर प्रतिवर्ष मोहर्रम की 8 तारीख विशेष रूप से बड़े पैमाने पर मनाई जाती है। दरअसल मोहर्रम की आठ तारीख़ को ही सरकार ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह को बड़े मर्तबे हासिल हुए थे इसलिए हर मोहर्रम की आठ तारीख़ के हवाले से यहाँ चाँद की आठ तारीख़ का बड़ा महत्व है। इसी के चलते पुराना बाज़ार चिश्ती नगर में लंगर और शाम 7 बजे चाँद की आठ तारीख़ की फ़ातिहा होगी।

## तृतीय दिवस कोई नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया की जा रही हैं। रिटर्निंग ऑफिसर राकेश सिंह मरकाम ने बताया विकासखंड हटा के जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त स्थांन भरने हेतु आज तृतीय दिवस कोई नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया गया।

## कक्षा 6वीं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया प्रारंभ

**दमोह।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रदेश परीक्षा 2026 में 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आनलाईन (**https://cbseitms.rcii.gov.in/nvs**) आवेदन प्रकिया प्रारंभ की जायेगी। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र को निर्देशित किया है कि जिले के विद्यार्थी जो कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत है, तथा कक्षा 6वीं में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक है, उन्हें उक्त चयन परीक्षा में फार्म भरने हेतु प्रेरित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया जाए ताकि अधिक से अधिक संख्या में तथा प्रति विद्यालय कम से कम 10 छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक आवेदन भरवाये जाये।

कूट रचित चालानों को बनाने वाले अर्जी नवीस पर मामला दर्ज करने एसपी को लिखा पत्र

# शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण चालान में फर्जीवाड़ा उजागर

### 72500 रूपये के फर्जी चालान पाये गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्ट्रेट परिसर दमोह के अर्जीनवीस पदम सिंह ठाकुर के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जाँच उपरांत शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों में कूट रचित (फर्जी) चालानों को बनाने के संदर्भ में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करवाये जाने हेतु अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मीना मसराम ने पुलिस अधीक्षक दमोह को पत्र लिखा हैं।

पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा गया है, फुटेरावार्ड नं. 03 हाल पता- कामधेनु कॉलोनी आमचौपरा दमोह निवासी पदमसिंह ठाकुर द्वारा याचिका लेखक का लायसेंस क्र. 01/2009 स्वीकृत कर जारी किया गया हैं। उनके द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बैठकर याचिका लेखक का कार्य संपादित किया जाता है। शस्त्र लायसेंसधारियों द्वारा शस्त्र लायसेंस के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र मय चालानों की प्रति सहित कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किये गये थे जिनमें से कुछ शस्त्र लायसेंसधारियों के आवेदन पत्र के साथ संलग्न चालानों की राशि एवं नामों का सत्यापन न होने के कारण शस्त्र लायसेंसधारियों को कथन हेतु आहूत किया गया था। शस्त्र लायसेंसधारियों द्वारा उपस्थित होकर शपथ (14 sलायसेंसधारियों द्वारा) दिये गये एवं पृथक-पृथक कथन अंकित कराये गये, कि उनका शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र एवं चालानों की राशि पदमसिंह ठाकुर अर्जीनवीस द्वारा जमा कराई गई है तथा आवेदन पत्र एवं जमा किये गये चालानों की प्रति उनके द्वारा शस्त्र लायसेंसधारियों को प्रदाय की गई थी। शस्त्र लायसेंसधारियों द्वारा उक्त आवेदन पत्र एवं उसमें संलग्न चालानों को कार्यालय में जमा किया गया। शस्त्र लायसेंस धारियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ संलग्न चालानों का सत्यापन कराया गया जिनमें मद 0055 में 51500 रूपये तथा मद 0030 में 21000 रूपये के इस तरह कुल 72500 रूपये के फर्जी चालान पाये गये हैं।

## स्कूल प्रबंधन राशि सहित 2 लाख रूपये कि अर्थदंड राशि जमा कराने नोटिस जारी

**दमोह।** मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के अन्तर्गत विद्यालय तथा जिला समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त राज्य समिति ने विद्यालय द्वारा की गयी अपील में कोई भी तर्क जिला समिति द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध नहीं पाये जाने पर विद्यालय की अपील को खारिज करते हुए राज्य समिति द्वारा जिला समिति के आदेश को यथावत बनाए रखा है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्कूल प्रबंधन को एक नोटिस जारी कर कहा है कि 10 जुलाई तक 6 करोड़ 25 लाख से अधिक फीस की राशि के साथ 2 लाख रूपये कि अर्थदंड राशि जमा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा जिला समिति आदेश के विरुद्ध राज्य शासन में स्कूल प्रबंधन द्वारा अपील की गई थी जो खारिज हो गई है और समिति का आदेश यथावत रखा गया। इसीलिए स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है कि आप 10 जुलाई तक राशि जमा करें।

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ भव्य शुभारंभ



**दमोह।** दमोह जिले में अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। दमोह के श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभ चौधरी जैन मंदिर के चंद्र प्रभ जैन भवन में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। 3 जुलाई से 10 जुलाई तक यह कार्यक्रम लगातार चलेगा। इस आयोजन के शुभारंभ अवसर पर 3 जुलाई को भव्य घट यात्रा निकाली गई। तो वहीं उसके पश्चात विधान का शुभारंभ किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही विधिवत विधान का शुभारंभ हुआ। पंडित मयंक चंचल विधानाचार्य के द्वारा यह मंगल आयोजन कराया जा रहा है। श्री दिगंबर जैन चौधरी मंदिर ट्रस्ट कमेटी और मंदिर कमेटी के सम्मिलित प्रयासों से यह आयोजन हो रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के द्वारा विभिन्न पात्र बनाकर अपनी सहभागिता दरजी कराई जा रही है। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

# वसुंधरा नगर में घटयात्रा के साथ श्री सिद्धचक्र विधान शुरू





**दमोह।** शहर के वसुंधरा नगर में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टान्हिका पर्व पर श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान को भव्य आयोजन का शुभारंभ गुरूवार को घटयात्रा व ध्वजारोहण से किया गया। अष्ट दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ 11 जुलाई तक चलेगा जिसमें प्रतिदिन सिद्धो की आराधना करते हुये अर्घ्य समर्पित किये जायेंगे। प्रतिष्ठाचार्य डॉ पं आशीष जैन शिक्षाचार्य के निर्देशन में यह आयोजन संपन्न होगा। प्रातः काल महिलाओं द्वारा कलशो को सिर पर रखकर घटयात्रा मंदिर जी से निकाली गई जो मंदिर की परिक्रमा करते हुये पुनः मंदिर जी पहुंची जहां मण्डप शुद्धि के पश्चात ध्वजारोहण की क्रियायें संपन्न की गई। ध्वजारोहण कर्ता परिवार श्रीमति शोभा जैन, शिवांजय अक्षय पैट्रोल पंप परिवार द्वारा ध्वजारोहण करते हुये आयोजन का शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठाचार्य डॉ पं आशीष द्वारा मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण कराया। इसके पश्चात मंडल पर स्थापना के साथ विधान प्रारंभ हुआ जिसमें पहले दिन आठ अर्घ्य समर्पित किये गये। सायंकालीन बेला में महाआरती का सौभाग्य विपिन जैन श्रीमति सुनीता जैन पटेरा को प्राप्त हुआ जिनके घर से मंदिर जी तक गाजे बाजे से यात्रा निकाली गई व मंदिर जी में सिद्धचक्र की महाआरती की गई। आयोजन समिति ने सकल जैन समाज से विधान में आकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

## पीएमयूएम शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ दमोह के जिला अध्यक्ष पवन खरे ने माननीय मंत्री लखन पटेल के निज सहायक मनोज खरे को पथरिया ब्लॉक में स्थाई विकास खंड शिक्षा अधिकारी की पद स्थापना करवाने एवं वर्षों से लंबित सातवें वेतन की चौथी एवं पांचवी किस्त का भुगतान, मंहगाई भत्ते के एरियर की राशि का भुगतान, क्रमोन्नति के एरियर की राशि का भुगतान करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। माननीय मंत्री जी के निज सहायक मनोज खरे ने पीएमयूएम शिक्षक संघ को आश्वत करते हुए कहा कि आपकी मांग को मंत्री जी समक्ष रखकर जल्द ही आपकी मांगों का समाधान करवाया जाएगा।

## सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल से शिक्षा शास्त्र में शुचि अरोरा को अवार्ड हुई पीएचडी



**दमोह।** सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल (म.प्र.) से शिक्षा शास्त्र में डॉ. मंजू अग्निहोत्री के सफल निर्देशन में शुचि अरोरा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शुचि अरोरा का विषय ꝫशिक्षिकाओं में अवसाद की स्थिति का अध्ययन रहा। वर्तमान में श्रीमती शुचि अरोरा डॉ. विजय लाल स्मृति महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। शुचि अरोरा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय ईश्वर के आशीर्वाद, माता-पिता हरीश कुमार चौपड़ा एवं श्रीमती सरोज चौपड़ा एवं सास-ससुर अनिल कुमार अरोरा एवं श्रीमती नीलम अरोरा से प्राप्त प्रोत्साहन को देती हैं। उन्होंने कहा उनके पति स्वप्निल अरोरा के विशेष सहयोग के लिए उन्हें दिल से धन्यवाद देती हैं।

# भगवती मानव कल्याण संगठन की सूचना पर कार सहित पकड़ी गई अवैध शराब



**गैसाबाद।** राष्ट्रीय संत श्री शक्तिपुत्र महाराज जी द्वारा सारे देश में संचालित नशा मुक्ति अभियान को और अधिक गतिशील बनाने हेतु भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा आए दिन अवैध शराब पकड़ाये जाने की खबरें आती रहती हैं। इसी क्रम में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा गैसाबाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसको पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए गहन चेकिंग की जिसमें बुधवार की देर रात दमोह पन्ना राजमार्ग पर हटा से आ रही इको कार क्रमांक एमपी 15 ZF 41 17 को गैसाबाद पुलिस थाना के सामने रोककर पूछताछ की तो शराब तस्करी का मामला उजागर हुआ। उक्त कार में हटा से पन्ना जिला की ओर जा रही 47 पेटी गोवा तीन पेटी आई बी ब्रांड कुल 50 पेटी अवैध शराब पुलिस द्वारा जप्त कर, कार चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई। मामले की सूचना मिलते ही हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन भी गैसाबाद थाना पहुंचे इस दौरान बड़ी संख्या में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता भी पुलिस थाना पहुंचे भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शालिग्राम पटेल ने हरिभूमि को बताया कि हम लोग पहले से ही अवैध शराब सप्लाई होने की लोकेशन ले रहे थे। जैसे ही शराब से भरी गाड़ी हटा से निकली हम लोग उसके पीछे लग गए और हमने इसकी सूचना गैसाबाद पुलिस थाना को दी, पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी प्रीति पांडे की विशेष उपस्थिति रही, हटा एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन ने हरिभूमि को बताया की पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत 4 लाख 48 हजार एवं वाहन की कीमत 4 लाख बताई गई है।

# ट्रक ने ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को मारी टक्कर, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

थाना अंतर्गत नीमन तिराहे के समीप एक छतरपुर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ईट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी ट्रैक्टर पर बैठे 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना में एक की मौत हो जाने सनसनी खेज मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक शहजादपुरा गांव से ईंटे लेकर बटियागढ़ जा रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें बैठे 3 युवक घायल हो गए। वहीं घटना में कैलाश पटेल की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी लगते ही घटना स्थल पर डायल 100 मौके पर पहुंची, जहां घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं मृतक के परिजनों को बुलाकर पंचनामा कार्रवाई की वहीं घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिए है।

# पॉलीथीन, बैग फ्री डे पर किया गया कपड़े के बैग का वितरण




**दमोह।** राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे पर महाविद्यालय में वितरण किये गये कपड़े के बैग। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ सुषील कुमार गुप्ता जी द्वारा छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक का उपयोग करने पर होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया एवं कपडे.के बैग का प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मनजीत कौर साहनी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय विष्वकर्मा, डॉ निषा, श्रीमति साधना, सुश्री सोनुका, सुश्री श्वेता, सुश्री नैनी जैन की उपस्थिति रही।

## दो दिवसीय निः शुल्क नेत्र शिविर संपन्न

**दमोह।** जहां सेवा भावना और संवेदना एक साथ चलती हैं, वहां सामाजिक उत्तरदायित्व केवल शब्द नहीं, एक कर्तव्य बन जाता है। इसी भाव के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के फाउंडेशन डे के अवसर पर एन.के. आई हॉस्पिटल एंड क्लिनिक, दमोह में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. यह एक ऐसा आयोजन रहा जिसमें केवल आंखों की नहीं, बल्कि रिश्तों और भरोसे की भी जांच हुई। इस विशेष शिविर का आयोजन बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जागृति मंच के सहयोग से किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. मयंक प्यासी ने व्यक्तिगत रूप से शिविर की निगरानी करते हुए बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों की आंखों की जांच की, और उन्हें आवश्यक सलाह दी। इस शिविर में एसबीआई के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए. कुछ अपनी आंखों की नियमित जांच के लिए, तो कुछ वर्षों से अनदेखी हो रही समस्याओं के समाधान के लिए। कई चेहरों पर चिंता की रेखाएं थीं, जो डॉक्टर की सलाह और देखभाल से राहत में बदल गईं। इस अवसर पर डॉ. मयंक प्यासी ने कहा, हमारा प्रयास सिर्फ जांच का नहीं, जागरूकता और भरोसे का है। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब संस्थाएं साथ आती हैं, तो समाज की रोशनी और भी तेज़ हो जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे बैंक के कर्मचारियो ने अपना नेत्रों की जाँच कराई।

# सांप काटने पर मरीज को तुरंत अस्पताल लेकर जायें, झाड़ फूंक, नीम-हकीम के चक्कर में न पडे, स्वास्थ्य अधिकारी की आमजन को सलाह

**दमोह।** प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में बारिश के मौसम में सांप काटने की घटनाएं बढ़ जाती है। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने सर्पदंश के लक्षण, सर्पदंश की स्थिति में क्या करें, क्या न करें इस संबंध में एडवाईजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि सांप काटने की घटना सामने आने पर संबंधित को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्था यथा जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर चिकित्सक से परीक्षण करवायें। चिकित्सक के परामर्श अनुसार एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से संबंधित की जान बचाई जा सकती है। इन सभी संस्थाओं में सर्पदंश से जीवन रक्षा के लिए जीवन रक्षक एंटी स्नेक वेनम वॉयल उपलब्ध है। डॉ. चटर्जी ने कहा कि आमतौर पर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटना सामने आने पर ग्रामीण जन डॉक्टर के पास जाने के बजाय झाड़ फूंक, नीम-हकीम के चक्कर में उलझकर अथवा घरेलु उपाय मिर्च या नीम के पत्ते खा लेने से जहर नहीं फैलता, इस तरह की भ्रांति के चलते पीड़ति व्यक्ति की जान को खतरे में डाल देते है। सांप जहरीला हो तो घरेलू उपचार काम नहीं करते इसलिए इसमें समय बर्बाद न करें। सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जायें। पीड़ति व्यक्ति को जहां सांप ने काटा है, वहां पर चीरा नहीं लगाना चाहिए इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। सांप काटने पर काटने वाली जगह पर सूजन आ जाती है, जबडे, घुटने पर दर्द शुरू हो जाता है, यह इंगित करता है कि शरीर में जहर फैलने लगा है। उन्होंने कहा जिसे सांप ने काटा है उसे धीरज बंधायें, हिम्मत दें। यह विश्वास जगायें कि उसे कुछ नहीं होगा। घबराने से हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे जहर का फैलाव शरीर में तेजी से हो सकता है। पीड़ति व्यक्ति को गुनगुना पानी पिलायें, उल्टी करायें ताकि जहर अंदर न फैले। झाड़ फूंक, नीम-हकीम के चक्कर में न पड़कर सांप काटने पर मरीज को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला अस्पताल लेकर जाएं। इस बात का ध्यान रखें कि जिस जगह पर सांप ने काटा है उसे बिल्कुल न हिलायें। अगर सांप ने मरीज को पांव में काटा है तो व्यक्ति के लिए चलना भी मना है, ऐसी स्थिति में उसे स्टेचर या खाट पर यथाशीघ्र अस्पताल लेकर जायें। इस दौरान सांप के काटने के समय का ध्यान रखें। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। जिस स्थान पर सांप ने काटा है, काटे गये स्थान के ऊपर ढीली साफ पट्टी अथवा कपड़ा बांधकर घाव को कवर कर दें। इस बात का ध्यान रखें कि कपड़ा बहुत ज्यादा न कसा हो न ही बहुत अधिक ढीला हो। इस तरह प्राथमिक उपचार के बाद जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचें। समय पर अस्पताल पहुॅचने पर व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। देर हो जाने पर दवायें काम नहीं कर पाती है। यदि संभव हो तो सांप की पहचान मसलन सांप के रंग, आकार और अन्य विशेषताओं को याद रखें। सांप को पकड़ने या मारने का प्रयास न करें।

## कलेक्टर ने सर्किट हाउस पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने लिखा पुलिस अधीक्षक को पत्र

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सर्किट हाउस परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है कि सर्किट हाउस परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने पत्र में कहा है सर्किट हाउस परिसर, उसके आवागमन के मार्ग एवं पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिदिन संध्या एवं रात्रि के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखा जा रहा हैं, जिसके कारण प्रातः एवं सायंकाल भ्रमण/व्यायाम हेतु आने वाले आम नागरिकों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को असुविधा एवं असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सर्किट हाउस परिसर व्ही.व्ही.आई.पी. आवागमन क्षेत्र भी है, अतः इसकी सुरक्षा बनाए रखना अति आवश्यक है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा उक्त स्थान पर शराब की खाली बोतलें, अन्य मादक पदार्थों के अवशेष पाए जा रहे हैं, जिससे न केवल सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है, अपितु वहां लगे वृक्षों एवं प्राकृतिक वातावरण को भी क्षति पहुँच रही है। इस संबंध में पूर्व में भी आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह किया गया था। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर सर्किट हाउस पहाड़ी के नीचे प्रवेश मार्ग पर स्थाई पुलिस प्वाइंट बनाते हुए बैरियर लगवाया जाए, एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी उक्त स्थल पर लगाई जाए, प्रतिदिन नियमित रुप से संध्या एवं रात्रि के समय वहाँ पुलिस गश्त (पैट्रोलिंग) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# पटेरा में मजाक बना सीईओ का पद, छह माह में चार सीईओ बदले

### सरपंचे ने की पूर्णकालिक सीईओ की मांग

**पटेरा।** पटेरा जनपद पंचायत में स्थायर जनपद सीईओ पदस्थ न होने से सीईओ के प्रभार का खेल चल रहा है। 30 जून को कमिश्नर कार्यालय सागर से जारी आदेश में दमोह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में पदस्थ सहायक यंत्री मनोज कुमार गुप्ता के नाम का आदेश जारी हुआ है। उल्लेखनीय है कि 24 दिसंबर 2024 को यहां पदस्थ सीईओ भूर सींग रावत को सरपंच की शिकायत पर लोकायुक्त सागर की टीम ने रिश्वत लेते पकड़ा था। श्री रावत को जिला पंचायत दमोह में संलग्न किया था। इसके बाद सीईओ का प्रभार तात्कालीन तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा को दिया गया था। कुछ ही दिन कार्य करने के बाद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दमोह में पदस्थ प्रभारी अनुग्रह सींग को प्रभार दिया गया था। इसके बाद रीवा से दमोह आये जनपद सीईओ हलधर मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया। अब पुनः उनके स्थान पर सहायक यंत्री मनोज कुमार गुप्ता के आदेश जारी हो गये। हालांकि उन्होने अभी अपना प्रभार ग्रहण नहीं किया है। लेकिन दो दिन से उनका इंतजार किया जा रहा है। अनेक सरपंचो ने स्थायी पूर्व समय देने वाले सीईओ को प्रभार देने की मांग विधायक से की है। ताकि उनके कार्य प्रभावित न हो। अनेक सरपंचों व कर्मचारियों का मानना है कि सरपंचों/पंचायतों का भुगतान होना है जो करीब 6 करोड़ रूपये है इसमें अपनी सेटिंग बनाने यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने मन का सीईओ बैठाना चाहते जिससे भुगतान में उनका ख्याल रखा जा सके।

## सीमांकन के बाद भी नहीं छोड रहे कब्जा तहसीलदार को परिषद अध्यक्ष ने दिया आवेदन



**पटेरा।** नगर निवासी पम्मू अहिरवार की कृषि भूमि पर कब्जा जमाये कब्जाधारी अभी भी काबिज है। जबकि कुछ दिन पूर्व उसने अपना सीमांकन नियमानुसार कराया जिसमें मुन्ना उर्फ महबूब का कब्जा है जो ईट भटटे लगाये है। कब्जा न छोड़ने पर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने उसका आवेदन पुलिस थाना की शांति कमेटी की बैठक में ही तहसीलदार को सौंपकर पुलिस से कब्जा हटवाने का निवेदन किया। तहसीलदार श्री चढार ने यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**संशोधन सूचना**

शपथकर्ता दक्षेश सिंह परिहार पिता श्री ब्रज कुमार सिंह निवासी 130 नजदीक हटा नाका, सिंगपुर, इमलाई, दमोह रूरल, इमलाई तहसील व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे लायसेंस क्रमांक MP 34 20220000172 में मेरे पिता का नाम ब्रज कुमार परिहार दर्ज है व पता 130 नजदीक हटा नाका, सिंगपुर, इमलाई, दमोह रूरल, तहसील व जिला दमोह दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो में मेरे पिता का सही नाम ब्रज कुमार सिंह दर्ज है व मेरा पता 130 नजदीक हटा नाका, सिंगपुर, इमलाई, दमोह रूरल, इमलाई तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) दर्ज है जो सही है व अब में ड्राईविंग लाइसेंस में भी उक्त संशोधन करवाना चाहता हूं। अत: उक्त संशोधन हो इसलिये सूचना का प्रकाशन करा रहा हूं।

दिनांक :- 03/07/2025

शपथकर्ता :- दक्षेश सिंह परिहार